भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 360
21 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना
360. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि.
(क) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की मुख्य विशेषताएं, बड़ी उपलब्धियां और इसकी शुरुआत से अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) मृदा नमूनों के विश्लेषण और जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, जिसमें कर्नाटक के लिए जिला-वार ब्यौरा और कर्नाटक राज्य को जारी की गई निधियां शामिल हैं;
(ग) मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं और ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना और उनके संचालन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिसमें कर्नाटक के लिए जिला-वार जानकारी शामिल है;
(घ) मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिशों के माध्यम से संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल क्या है जिसमें किसान जागरूकता, डिजिटल परामर्श और विस्तार सेवाएं शामिल हैं; और
(ङ) मृदा परीक्षण के अवसंरचना का विस्तार करने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड-आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए विशेषकर वर्षा-आधारित, पहाड़ी और मलनाड क्षेत्रों में, डिजिटल और मोबाइल मृदा परीक्षण सुविधाओं सहित क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) सरकार देश भर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एसएचसी) जारी करने के लिए राज्य सरकारों की सहायता करने हेतु मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना का कार्यान्वयन कर रही है। मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता में सुधार के लिए जैविक खादों और जैव-उर्वरकों के साथ-साथ द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य केंद्र, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) को बढ़ावा देने में सहायता करते हैं। मिट्टी के नमूनों को मानक प्रक्रियाओं के अनुसार संसाधित किया जाता है और पीएच, विद्युत चालकता, ऑर्गेनिक कार्बन, उपलब्ध नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, सल्फर और सूक्ष्म पोषक तत्वों (जिंक, कॉपर, आयरन, मैंगनीज और बोरॉन) जैसे मापदंडों के लिए विश्लेषण किया जाता है। किसान के खेतों का डायग्नॉस्टिक मृदा स्वास्थ्य मूल्यांकन समय-समय पर किया जाता है ताकि 3 वर्षों में कम से कम एक बार मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा सके। वर्ष 2014-15 से, **देश भर में अब तक** 26.09 **करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड** निर्मित/वितरित किए गए हैं। देश भर में कुल 8313 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं (1267 स्थायी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं, 168 मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं, 6197 मिनी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं और 681 ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं) स्थापित की गई हैं। इस योजना के तहत शुरुआत से अब तक 2153.04 **करोड़ रुपये का फंड** जारी किया जा चुका है।

(ख): योजना के प्रारंभ अर्थात् वर्ष 2014-15 से अब तक इस योजना के अंतर्गत विश्लेषण किए गए मृदा नमूनों और जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। वर्ष 2014-15 से अब तक कर्नाटक राज्य को जारी किए गए फंड के साथ-साथ विश्लेषण किए गए मृदा नमूनों और जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) स्थापित और प्रचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है तथा स्थापित और प्रचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

(घ) एवं (ङ) मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के अंतर्गत उर्वरक के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के संबंध में देश भर में 130627 किसान प्रशिक्षण, 7.17 लाख प्रदर्शन, 7425 किसान मेले/अभियान आयोजित किए गए हैं। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) और कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के माध्यम से किसानों को एडवाइजरी भी जारी की जाती है। मृदा के महत्व के बारे में छात्रों में जागरूकता सृजित करने के लिए स्कूल मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यान्वित किया जाता है। किसान पोर्टल के माध्यम से, डिजिटल एसएचसी का उपयोग कर सकते हैं। इस योजना के तहत राज्यों को मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ कर्नाटक के किसानों द्वारा लिया जा सकता है, जिसमें वर्षा सिंचित, पहाड़ी और मलनाड क्षेत्र शामिल हैं।

अनुबंध-I

वर्ष 2014-15 में स्थापना से लेकर अब तक मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के तहत विश्लेषण किए गए मृदा नमूनों और जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों का राज्यवार विवरण

(संख्या में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	विश्लेषित मृदा सैंपल*	जारी मृदा स्वास्थ्य कार्ड
1	अंडमान और निकोबार	44432	53027
2	आंध्र प्रदेश	4481556	15897865
3	अरुणाचल प्रदेश	190442	212570
4	असम	2359646	4399318
5	बिहार	5494430	15770294
6	छत्तीसगढ़	2362697	10107163
7	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	5641	15797
8	गोवा	91048	91611
9	गुजरात	4837914	15352841
10	हरियाणा	4168617	10407660
11	हिमाचल प्रदेश	410137	1586278
12	जम्मू और कश्मीर	863521	2266113
13	झारखंड	851100	1562892
14	कर्नाटक	4528048	18710391
15	केरल	741757	3559840
16	लद्दाख	5114	5114
17	मध्य प्रदेश	8048634	21164819
18	महाराष्ट्र	7478452	28384256
19	मणिपुर	65055	252672
20	मेघालय	173928	519666
21	मिजोरम	82534	87006
22	नागालैंड	317940	464602
23	ओडिशा	3157800	6325929
24	पुदुचेरी	25106	46199
25	पंजाब	2360297	3101539
26	राजस्थान	6646344	20272888
27	सिक्किम	126414	209954
28	तमिलनाडु	4172143	15611280
29	तेलंगाना	2601250	11169204
30	त्रिपुरा	193637	402163
31	उत्तर प्रदेश	13445847	40961769
32	उत्तराखंड	637023	1995186
33	पश्चिम बंगाल	3795742	10724479
कुल		**84605893**	**260925492**

स्रोत: एसएचसी पोर्टल

*** वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक मृदा नमूना संग्रह की ग्रिड प्रणाली लागू की गई थी। सिंचित क्षेत्र में 2.5 हेक्टेयर का ग्रिड और असिंचित क्षेत्र में 10 हेक्टेयर का ग्रिड बनाया गया। ग्रिड प्रणाली में केवल एक मृदा नमूना एकत्र किया गया और उसका परीक्षण किया गया था। ग्रिड में सभी किसानों को एक नमूने के आधार पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए थे। इस प्रणाली को वर्ष 2019-20 से समाप्त कर दिया गया था और व्यक्तिगत कृषि जोत आधारित एसएचसी निर्माण को लागू किया गया था। अतः विश्लेषण किए गए मृदा नमूने और निर्मित एसएचसी में अंतर है।**

अनुबंध-II

कर्नाटक में वर्ष 2014-15 से अब तक मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के तहत जारी की गई धनराशि के साथ-साथ विश्लेषण किए गए मृदा नमूनों और जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों का जिला-वार विवरण

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	जिला	विश्लेषित मृदा नमूने	जारी मृदा स्वास्थ्य कार्ड	जारी फंड (भारत सरकार का हिस्सा)
1	बागलकोट	1,75,822	5,25,279	501.20
2	बेल्लारी	2,20,357	8,44,011	360.86
3	बेलगावी	66,841	10,35,690	156.01
4	बेंगलुरु ग्रामीण	56,690	3,29,315	36.39
5	बेंगलुरु शहरी	2,95,714	1,72,246	1978.20
6	बीदर	1,45,452	6,29,924	236.68
7	चामराजनगर	1,08,021	5,72,395	160.13
8	चिक्काबल्लापुरा	1,11,171	7,22,726	198.95
9	चिक्कमंगलूर	1,00,427	2,67,044	169.80
10	चित्रदुर्ग	1,67,666	6,29,544	525.75
11	दक्षिण कन्नड़	82,774	3,21,364	191.06
12	दावनगेरे	1,25,152	6,07,155	264.03
13	धारवाड़	1,10,650	3,95,539	223.01
14	गड़ग	1,26,887	3,32,702	237.91
15	हासन	1,94,420	11,50,238	275.93
16	हावेरी	1,51,346	569,409	236.24
17	कलबुर्गी	2,50,367	12,56,732	437.46
18	कोडागु	88,868	1,41,815	121.11
19	कोलार	94,284	6,06,942	166.18
20	कोप्पल	1,50,142	4,57,057	246.30
21	मांड्या	2,50,091	11,91,069	287.44
22	मैसूरू	2,25,114	8,67,768	279.81
23	रायचूर	1,44,725	7,01,148	281.51
24	बेंगलुरु दक्षिण	88,162	5,72,252	155.93
25	शिवमोग्गा	1,41,815	4,73,228	243.83
26	टुमकुरू	2,90,654	10,73,879	344.21
27	उडुपी	62,151	4,12,409	123.04
28	उत्तर कन्नड़	94,902	3,42,664	166.95
29	विजयनगर	24,241	24,241	61.49
30	विजयपुरा	2,21,562	7,49,775	470.60
31	यादगीर	1,61,580	7,34,831	294.34
	कुल	**45,28,048**	**187,10,391**	**9432.35**

स्रोत: राज्य सरकार

अनुबंध-III

मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के तहत स्थापित और संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का राज्य-वार विवरण

(संख्या में)

क्र.सं.	राज्य	मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं				कुल
		स्थिर	मोबाइल	मिनी	ग्राम स्तर	
1	अंडमान और निकोबार	1	-	-	-	1
2	आंध्र प्रदेश	47	13	1328	16	1404
3	अरुणाचल प्रदेश	17	3	-	-	20
4	असम	26	-	214	-	240
5	बिहार	53	9	-	72	134
6	छत्तीसगढ़	33	-	111	35	179
7	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	-	-	-	-	-
8	गोवा	2	-	-	-	2
9	गुजरात	22	-	230	30	282
10	हरियाणा	53	-	104	36	193
11	हिमाचल प्रदेश	11	7	69	-	87
12	जम्मू एवं कश्मीर	22	12	-	21	55
13	झारखंड	29	-	1300	-	1329
14	कर्नाटक	97	1	6	291	395
15	केरल	22	11	-	-	33
16	लद्दाख	2	-	-	1	3
17	मध्य प्रदेश	50	-	626	12	688
18	महाराष्ट्र	213	31	48	-	292
19	मणिपुर	9	3	3	2	17
20	मेघालय	5	-	8	-	13
21	मिजोरम	3	3	-	-	6
22	नागालैंड	20	3	-	74	97
23	ओडिशा	30	30	-	40	100
24	पुदुचेरी	2	-	-	-	2
25	पंजाब	24	3	-	-	27
26	राजस्थान	101	12	-	-	113
27	सिक्किम	3	-	-	24	27
28	तमिलनाडु	37	21	-	1	59
29	तेलंगाना	40	4	2050	-	2094
30	त्रिपुरा	4	2	100	13	119
31	उत्तर प्रदेश	256	-	-	6	262
32	उत्तराखंड	13	-	-	7	20
33	पश्चिम बंगाल	21	-	-	-	21
कुल		1267	168	6197	681	8313

स्रोत: एसएचसी पोर्टल

अनुबंध-IV

कर्नाटक में मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का जिले-वार विवरण

(संख्या में)

क्र.सं.	जिला	कृषि विभाग की लैब			सहकारी समितियां/ निजी केवीके स्थिर लैब	ग्राम स्तर	बागवानी स्थिर प्रयोगशाला	सेरीकल्चर स्थिर लैब	एसएयू/ केवीके स्थिर लैब	कुल
		स्थिर	मोबाइल	छोटा						
1	बागलकोट	1	-	-	-	7	-	-	3	11
2	बेल्लारी	1	-	1	-	3	-	-	2	7
3	बेलगावी	1	1		2	37	1		0	42
4	बेंगलुरु	1	-	1	-	1	1	1	3	8
5	बेंगलुरु	0	-	-	-	2	-	-	1	3
6	बीदर	1	-	-	-	3	1		2	7
7	चामराजनगर	1	-	-	-	5	-	-	1	7
8	चिक्काबल्लापुरा	1	-	-	-	5	-	-	0	6
9	चिक्कमंगलूर	1	-	-	-	18	-	-	3	22
10	चित्रदुर्ग	1	-	-	-	23	-	-	3	27
11	दक्षिण कन्नड़	1	-	-	-	4	-	-	0	5
12	दावणगेरे	1	-	-	-	8	1		1	11
13	धारवाड़	1	-	-	-	3	-	-	4	8
14	गड़ग	1	-	-	-	4	-	-	1	6
15	हासन	1	-	-	-	5	-	-	2	8
16	हावेरी	1		1		19	-	-	2	23
17	कलबुर्गी	1	-	1	-	18	-	-	3	23
18	कोडागु	1	-	-	-	3	-	-	1	5
19	कोलार	1	-	-	-	9	-	-	2	12
20	कोप्पल	1	-	-	-	3	1		3	8
21	मांड्या	1	-	1	-	6	-		2	10
22	मैसूर	1	-	-	-	3	1	-	0	5
23	रायचूर	1	-	-	-	3	-	-	4	8
24	बेंगलुरु दक्षिण	1	-	-	-	22	-	-	1	24
25	शिवमोग्गा	1	-	-	-	21	1	-	3	26
26	टुमकूर	1	-	1	-	5	-	-	1	8
27	उड्डुपी	1	-	-	-	13	-	-	2	16
28	उत्तरकन्नड़	1	-	-	-	5	-	-	2	8
29	विजयनगर	1	-	-	-		-	-		1
30	विजयपुरा	1	-	-	1	17	-	-	3	22
31	यादगिरी	1	-	-	-	16	-	-	1	18
	कुल	**30**	**1**	**6**	**3**	**291**	**7**	**1**	**56**	**395**

स्रोत: राज्य सरकार

*****